## एक नजर में

### सीएमओ ने अपलोड किए एसआईआर फार्म

**सारंगपुर 22 नवंबर, सं.** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे के द्वारा जन जागरूकता को बढावा देने एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों का मनोबल बढाने के लिए अपना स्वयं अपना एसआइआर फार्म भरकर स्वयं बीएलओ एप के माध्यम से अपलोड किया गया. सुश्री सुनहरे के द्वारा एसआईआर कार्य के प्रचार प्रसार हेतु मैजिक वाहनों से मुनादी कराने हेतु प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित करते हुए समस्त वार्ड प्रभारियों को भी एसआईआर के कार्य में मदद करने हेतु निर्देशित किया गया. एस.डी.एम व सीएमओ एवं नायब तहसीलदार द्वारा संयुक्त रूप बी.एल.ओ.द्वारा किये जा रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया गया.

### भव्य दिव्य दरबार आज

**राजगढ़ 22 नवम्बर, का.** श्री अंजनीलाल धाम मंदिर खिलचीपुर चौराहा राजगढ़ में 23 नवम्बर को सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक दिव्य दरबार का आयोजन होगा जिसमें पं. अंशुल शास्त्री श्री चिरोड़िया धाम उपस्थित रहेंगे. धर्मप्रेमी नागरिकों से भव्य दिव्य दरबार में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

### जिला गोष्ठी आज

**ब्यावरा 22 नवम्बर, का.** गायत्री शक्तिपीठ ब्यावरा में अखिल गायत्री परिवार के द्वारा 23 नवम्बर को माताजी जन्मशताब्दी वर्ष एवं संकल्प जिला गोष्ठी का भव्य आयोजन रखा गया है. इंदौर नाका के गायत्री शक्तिपीठ में प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक आयोजन होगा



# कुंए में गर्भवती महिला का शव मिलने से सनसनी

## खिलचीपुर थाने के खुरचनियाकलां गांव का मामला

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 22 नवंबर, का.** खिलचीपुर थाना क्षेत्र के खुरचनियाकला गांव में शनिवार की सुबह एक महिला का शव कुंए में मिलने से सनसनी फैल गई. महिला की उम्र 30 वर्ष बताई जा रही है. उसकी पहचान रीना बाई पति कमल सिंह के रूप में हुई है. महिला गर्भवती थी और 8 माह का गर्भ था. सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से शव को बाहर निकला और पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना किया.

जानकारी के अनुसार बैतूल निवासी महिला रानीबाई का विवाह खुरचनिया कला निवासी कमल सिंह (40) राजस्व चौकीदार से हुआ था. 5 माह पहले शादी हुई थी. परिवार में बुजुर्ग पिता, विधवा भाभी और कमल सिंह दंपती रहते हैं. बताया जा रहा है कि रीना बाई गर्भवती थी और उसका गर्भ लगभग 8 माह का हो चुका था. शुक्रवार की रात कमल सिंह खेत पर सिंचाई करने गया था. रात में घर पर रीना बाई उसके ससुर और भाभी मौजूद थे. महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के रीना बाई शौच के लिए निकली थी. इसी दौरान वह कुएं पर पानी भरने गई और फिसलकर नीचे गिर गई. सुबह खेत से लौटे कमल सिंह ने पत्नी को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. घरवाले उसकी खोज में निकले. कुएं के पास रीना की चप्पल पड़ी मिली. जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. खिलचीपुर पुलिस मौके पर पहुंची. लोहे के तार से जब कुएं में तलाशी ली गई तो महिला के कपड़े तार में फंस गए. इसके बाद ग्रामीणों की मदद से खाट को रस्सी में बांधकर शव को बाहर निकाला गया. तीन डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया.

# लुभावने नामों की कंपनी बनाकर किसानों को ठगा

## ऑपरेशन किसान रक्षक : अंतर्राज्यीय गिरोह के 14 आरोपी सरगना सहित धराए, लाखों का माल बरामद किया

**करोड़ों की ठगी करने वाला गिरोह शिकंजे में**

**मध्य प्रदेश सहित कई प्रदेशो में किसानों के साथ की ठगी**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 22 नवम्बर, का. मध्य प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में किसानों से करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए. इस गैंग के सरगना सहित 14 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा नगदी, मोबाइल सहित 26 लाख 72 हजार रुपए का सामान जप्त किया है.**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया गया. राजगढ़ पुलिस टीम ने छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, झारखंड एवं मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के किसानों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह के 14 सदस्यों को योजनाबद्ध एवं सटीक कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से दबोच लिया है. पुलिस द्वारा इनके पास से 16 लाख 16 हजार रुपये नगद, 20 कार कीमत 10 लाख रुपये, 28 मोबाइल कीमत 56 हजार रुपये बरामद किया है.




### फर्जी कंपनियों के नाम पर दिया झांसा

उक्त गैंग द्वारा वर्ष 2024 में खंडवा, सीहोर, विदिशा, शाजापुर, राजगढ़ जिलों में फॉर्मर फर्स्ट् च्वाइस एवं ब्राइट इंडिया एग्रोटेक जैसी फर्जी कंपनियों के नाम पर भोले-भाले किसानों से लाखों रुपये की ठगी की गई. वर्तमान में यह गिरोह रतलाम, नीमच, मंदसौर व राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में सक्रिय था.

### लालच देकर बना रहे थे फर्जी दस्तावेज

गैंग के सदस्यों के द्वारा कंपनी के लेटरहेड, सील, बैनर, विजिटिंग कार्ड आदि पूरी तरह प्रोफेशनल बनाए जाते. दूसरों के नाम पर सिम व बैंक खाते, गरीब व अनजान लोगों को लालच देकर उनके नाम से फर्जी सिम कार्ड, बैंक खाते, कंपनी दस्तावेज बनवाते. गैंग के सदस्य अपनी वास्तविक पहचान पूरी तरह छुपा कर रखते थे. ऑफिस सेटअप करके विश्वास बनाते हुए किराए से कमरे लेकर अस्थायी ऑफिस बनाते थे. कंपनी प्रतिनिधि बनकर किसानों को उन्नत पौधों, पाली हाउस, सब्सिडी, फ्रेंचाइजी दिलाने का लालच देते थे. गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करते. सरकारी योजनाओं जैसा माहौल बनाकर भरोसा जीतते थे. सर्वे, रसीद, एग्रीमेंट जैसे दस्तावेज बनाकर पैसे ऐंठते हुए रकम वसूली करते थे. किसानों से नकद व ऑनलाइन दोनों माध्यमों से बड़ी रकम वसूलते थे. पैसों को तुरंत अलग-अलग फर्जी खातों में ट्रांसफर कर देते.

### किराए के मकानों चला रहे थे ऑफिस

गैंग के सदस्य फर्जी दस्तावेज, नाम, पता, मोबाइल नंबर के आधार सैकड़ो किलोमीटर दूर से आकर अपराध कर रहे थे. फर्जी सिम कार्ड, फर्जी बैंक खाते और फर्जी कंपनियों का उपयोग इनके द्वारा किया जा रहा था. पहचान छुपाने किराए पर अलग-अलग कमरे लेते थे. इनमें अधिकांश सदस्य कानून और तकनीकि बारीकियों के जानकार बताए जाते है. घटना के 3-4 माह बाद यह क्षेत्र से गायब हो जाते थे. इससे गिरोह को ट्रेस करना जटिल और चुनौतीपूर्ण हो रहा था. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा गैंग को चिन्हित कर गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गये. उन्होंने प्रकरण की स्वयं समीक्षा कर प्रत्येक बिंदु पर बारीकी से मार्गदर्शन प्रदान किया.

### नरसिंहगढ़ थाने में हुआ था प्रकरण दर्ज

थाना नरसिंहगढ़ में किसानों की शिकायत पर धारा 316(5), 318(4) का प्रकरण पंजीबद्ध हुआ था. पुलिसके अनुसार गिरफ्तार गैंग के सदस्यों में दीपक पांडे पिता अनिल पांडे 38 वर्ष, धनंजय पांडे पिता शैलेन्द्र पांडे 32 वर्ष ग्राम चंडेरिया थाना गगहा गोरखपुर, प्रभाकर पिता सुरेंद्र नाथ पांडे 50 वर्ष ग्राम सकरी थाना गगहा, गोरखपुर, चंद्रभूषण पिता कनकचंद 40 वर्ष ग्राम नरे बुजुर्ग थाना गगहा, सोनू चौबे पिता रामजी चौबे 32 वर्ष ग्राम तारविशनपुर थाना तुर्कपट्टी कुशीनगर, चंदन पिता अशोक पांडे 23 वर्ष ग्राम भवनपोखर थाना गगहा, चंदन पिता निरंजन प्रजापति 26 वर्ष, ग्राम बेटाबर थाना जमानिया गाजीपुर, रघुनाथ पिता राम गणेश गुप्ता, 38 वर्ष, ग्राम बनकसही थाना मुड़ेरेवा बस्ती, विक्की पिता हरेंद्र पांडे 25 वर्ष ग्राम भवनपोखर गोरखपुर, दिलीप वर्मा पिता रामकिशन वर्मा 22 वर्ष ग्राम मदुआ थाना गैरमा, सन्नी यादव पिता अनिल यादव 19 वर्ष ग्राम राजगढ़ थाना गोला गोरखपुर, ओम प्रकाश पिता विजयनारायण सिंह राजपूत 41 वर्ष ग्राम भैंसाहा थाना गगहा, कुंदन पिता निरंजन प्रजापति ग्राम बेटाबर थाना जमानिया, नंदमोहन पांडे पिता सीताराम पांडे 35 वर्ष ग्राम चंडेरिया थाना गगहा शामिल है.

## कम प्रगति वाले बीएलओ का सहयोग करने की बात

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 22 नवंबर, सं.** मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ के द्वारा किये जा रहे एसआईआर के कार्यो का एस.डी.एम रोहित बम्होरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे एवं नायब तहसीलदार गोपाल चौहान, पटवारी हल्का सारंगपुर शहजाद खां के द्वारा संयुक्ते टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा बी.एल.ओ.जिनकी प्रगति कम थी,उनके सहयोग हेतु सुश्री सुनहरे द्वारा नपा में ऑपरेटर की व्यवस्था कर पोर्टल पर फार्मो का पंजीकरण कार्य कराये जाने के हेतु ऑपरेटर्स को निर्देशित किया. एसआईआर कार्य के संबंध में बीएलओ, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिकाओ आपस में समन्वकय स्थापित कर कार्य दिनांक 25 नवंबर तक 100 प्रतिशत करने का प्रयास करें.

# आत्मा की शुद्धि के लिए स्वाध्याय करना जरूरी

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 22 नवंबर, सं.** संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस पं. सुरेश बिहारी नागर ने बताया कि स्नान करने से हमारे शरीर की शुद्धी होगी और आत्मिक शुद्धी के लिए स्वाध्याय जरुरी है, व्यक्ति को अपने कर्म करने होगे सभी कथाओं का भी यही सार है व्यक्ति को धर्म के मार्ग से जुड़ा रहना चाहिए, जीवन में जब भी हमे समय मिले परमात्मा का सुमिरन अवश्य करें. हिरणाकश्यप एवं प्रहलाद प्रसंग पर बताया कि जो व्यक्ति भगवान का भगत होगा उसका बुरा नहीं होता गया. राजा हिरणाकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को मारने के लिए अनेकों प्रयास करें लेकिन भगवान की भक्ति नाम सुमीरन, शक्ति के सामने कुछ नहीं चली और अपनी बहन को अग्नि में जलना पड़ा जब होलीका तब से होली उत्सव प्रारंभ हुआ. हिरण्याकश्यप ने ब्रह्मा जी से वरदान मांगा था. लेकिन हिरणाकश्यप को यह पता नहीं था कि कोई और रूप भी होता है जो उसकी मृत्यु का कारण बनेगा. ऐसे में नरसिंह भगवान का अवतार हुआ.



उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि व्यक्ति को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए. खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में चल रही कथा में बडी संख्या में श्रद्धालू भक्त कथा श्रवण में पहुंच रहे हैं.


एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

ASPIRE

## माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड

द्वारा निष्पादित

## ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

### एस्पायर सिलिकॉन सिटी

फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश

- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो है तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-25 मिनट



एस्पायर सिलिकॉन सिटी



एस्पायर लेज़र पार्क

### एस्पायर लेज़र पार्क

टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश

- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-30 मिनट

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई


### एस्पायर लेज़र वैली

टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) उत्तर प्रदेश

- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-35 मिनट



एस्पायर लेज़र वैली



एस्पायर सेंचुरियन पार्क

### एस्पायर सेंचुरियन पार्क

टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश

- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-30 मिनट

**ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि-**
- सब पैकेज़ 6 & 8 : 24.11.2025
- सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 27.11.2025

ई.एम.डी.राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

**7 पैकेज़ जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है**

**ई-नीलामी की तिथि**
- सब पैकेज़ 6 & 8 : 25.11.2025
- सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 28.11.2025

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें : www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in

9772907414